# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# वेस्टइंडीज-पाकिस्तान टेस्ट मे ‘चीटिंग’ पर विवाद, जेडन सील्स के चौका छोड़ने वाले वीडियो ने मचाई बहस

Sanket Morankar

Published on 29 Jul 2026



वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान एक घटना ने क्रिकेट जगत में नई बहस छेड़ दी। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज **जेडन सील्स** का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कथित तौर पर गेंद को रोकने के बजाय जानबूझकर बाउंड्री के लिए जाने देते दिखाई दे रहे हैं।

घटना पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान हुई, जब **बाबर आज़म** ने गेंद को बाउंड्री की ओर खेला। उस समय पाकिस्तान का नौवां विकेट गिर चुका था। यदि जेडन सील्स गेंद को रोक लेते, तो बाबर आज़म स्ट्राइक पर बने रहते। लेकिन गेंद को चौके के लिए जाने देने से स्ट्राइक दूसरे छोर पर मौजूद **मोहम्मद अब्बास** के पास चली गई, जिससे वेस्टइंडीज को आखिरी विकेट लेने का बेहतर मौका मिला।

इस रणनीतिक फैसले को लेकर सोशल मीडिया पर खेल भावना और निष्पक्षता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, **आईसीसी के नियमों मे जानबूझकर गेदं को बाउंड्री तक जाने देने पर कोई स्पष्ट प्रतिबंध या दंड का प्रावधान नहीं है।** फेक फील्डिंग जैसे मामलों के लिए नियम मौजूद हैं, लेकिन इस तरह की रणनीति पर कोई विशेष नियम लागू नहीं होता। ऐसे मामलों में यदि अंपायर उचित समझें, तो मैच रेफरी स्थिति की समीक्षा कर सकते हैं।

मैच की बात करें तो पाकिस्तान को जीत के लिए **211 रन** का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम **120 रन** पर सिमट गई और वेस्टइंडीज ने **90 रन** से मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान के कप्तान **बाबर आज़म** ने नाबाद **58 रन** बनाए, जबकि **मोहम्मद अब्बास** ने 23 रन का योगदान दिया।

वेस्टइंडीज की जीत में **जेडन सील्स** ने दूसरी पारी में **14.2 ओवर मे 20 रन देकर 5 विकेट** लेकर अहम भूमिका निभाई। वहीं **जस्टिन ग्रीव्स** ने मैच में कुल **7 विकेट** लेने के साथ पहली पारी में उपयोगी 20 रन भी बनाए, जिसके लिए उन्हें **प्लेयर ऑफ द**

**मैच** चुना गया।

इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में **1-0 की बढ़त** हासिल कर ली है। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट **2 अगस्त** से पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.